हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 27 अगस्त 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 पौधारोपण व मेरी 3-आर राखी रूप में स्वच्छता...



07 अलग-अलग हादसों में दो की मौत नदी में बहा युवक...



खबर संक्षेप

किसान समय रहते बनवाएं 'फार्मर आईडी'

गढ़ाकोटा। सागर जिले की गढ़ाकोटा तहसील के किसानों के लिए जरूरी खबर है। शासन के निर्देशानुसार जिले में एग्री स्टैक पंजीयन, पैक्स सदस्यता एवं अग्रिम उर्वरक उठाव को लेकर 20 अगस्त से 15 सितंबर तक सघन अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर अपनी डिजिटल फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से बनवा लें, अन्यथा उन्हें खाद, उर्वरक एवं अन्य कृषि कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

श्यामलम की साहित्य परिक्रमा 30 अगस्त को

सागर। अपने स्तरीय साहित्य सांस्कृतिक आयोजनों के लिए ख्यात नगर की प्रतिष्ठित संस्था श्यामलम द्वारा साहित्य परिक्रमा के नौवें सोपान में चर्चित कथाकार कवि आर के तिवारी के साहित्यिक अवदान पर चर्चा की जावेगी। ज्ञातव्य है कि इस कार्यक्रम में ऐसे लेखकों जिनकी कम से कम 5 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हों और अभी भी सृजनरत हैं उन पर केंद्रित चर्चा की जाती है। पूर्व में स्व. निर्मल चंद जैन, स्व.प्रो.कांति कुमार जैन, स्व. डॉ.आर डी मिश्र, स्व.जनाब अखलाक सागरी, डॉ.सुरेश आचार्य, डॉ श्याम मनोहर सीरोठिया, स्व.महेंद्र फुसकेले, डॉ.सुश्री शरद सिंह के साहित्यिक अवदान पर यह कार्यक्रम किया जा चुका है। इस अवसर पर आर के तिवारी द्वारा मुस्लिम परिवारों पर केंद्रित कहानी संग्रह कौन लगती है वह आपकी? का विमोचन एवं उस पर चर्चा भी की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन 30 अगस्त रविवार को दोपहर 2:00 बजे से शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय (गर्ल्स डिग्री कॉलेज) सागर के सभाकक्ष में आयोजित होगा।

आयुष औषधालय बांदरी ने आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

सागर। आयुक्त, संचालनालय आयुष एवं जिला आयुष अधिकारी सागर डॉ. जोगेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आयुष औषधालय बांदरी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-07 बांदरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 99 ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया गया तथा वर्षा ऋतु में अपनाई जाने वाली ऋतुचर्या एवं दिनचर्या के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वच्छता, संतुलित आहार एवं विभिन्न रोगों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने औषधीय पौधों से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी देते हुए घर एवं आसपास के क्षेत्र में औषधीय पौधे लगाने के लिए भी जागरूक किया।

जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन 24 और 25 अक्टूबर को

सागर। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा के तत्वाधान मे दो दिवसीय जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का 22 वां आयोजन 24 और 25 अक्टूबर 2026 को सागर के आदर्श गार्डन मे किया जा रहा है। यह घोषणा मंगलवार को कटरा नमक मंडी स्थित महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय तीर्थंकर भवन मे आयोजित निदेशक मंडल, पदाधिकारियो की बैठक मे राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष जैन बैटरी ने की। महासभा के महामंत्री श्रेयांश जैन ने बैठक का संचालन किया। बैठक मे अरविंद जैन ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के प्रतिभावान छात्र छात्राओ के अलावा स्नातक, स्नातकोत्तर परीक्षाओ और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ मे सफलता प्राप्त करने वाले 30 सितंबर के पूर्व ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

गढ़ाकोटा में धूमधाम से मनी संत रविदास की 650वीं जयंती

संत किसी एक जाति के नहीं, सभी समाज के होते हैं: विधायक गोपाल भार्गव



सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के तहत निकली समरसता यात्रा, पालकी में विराजमान संत रविदास जी के ग्रंथ का किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती गढ़ाकोटा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेशभर में निकाली जा रही संत रविदास जी की समरसता संकल्प यात्रा रहली विधानसभा क्षेत्र के गढ़ाकोटा पहुंची। यात्रा के दौरान पालकी में विराजमान संत रविदास जी के ग्रंथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद नटराज ऑडिटोरियम में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक गोपाल भार्गव रहे। वहीं देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन, जनप्रतिनिधि, संत समाज और संत रविदास जी के अनुयायी उपस्थित रहे। संत पूजन के बाद संतों ने अनुयायियों से संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया।

जाति से नहीं, कर्म से महान होता है व्यक्ति : भार्गव

मुख्य अतिथि विधायक गोपाल भार्गव ने संत रविदास जी के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास जी किसी एक समाज के नहीं, बल्कि सभी समाजों के संत हैं। संत किसी एक जाति का नहीं होता। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का जीवन दर्शन सभी को पढ़ना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।भार्गव ने कहा कि संत रविदास जी के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से समरसता यात्रा निकाली जा रही है। समाज में जातिवाद जैसी प्रथा को समाप्त करने की आवश्यकता है। हम सभी एक हैं और मानवता ही सबसे बड़ी पहचान है। व्यक्ति अपने कर्मों से महान बनता है, जाति से नहीं। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया, जिसे आज के समय में आत्मसात करने की आवश्यकता है।

संत रविदास के विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान

विशिष्ट अतिथि देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया ने भी संत रविदास जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी के विचार समाज में समानता और समरसता स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं। उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में रानी पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कपस्या, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, एसडीएम कुलदीप पाराशर सहित बड़ी संख्या में संत समाज के लोग, जनप्रतिनिधि एवं संत रविदास जी के अनुयायी उपस्थित रहे।

ईद मिलाद-उन-नबी के मुबारक मौके पर कांग्रेस परिवार ने किया जुलूस का भव्य स्वागत

सागर। ईद मिलाद-उन-नबी के पावन अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा निकाले गए जुलूस का स्वागत आज जिला शहर कांग्रेस कमेटी, सागर द्वारा हर्षोल्लास एवं भाईचारे के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शहर कांग्रेस कमेटी, सागर के अध्यक्ष महेश जाटव ने की। राजीव गांधी भवन, तीन बत्ती स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस परिवार एकत्रित होकर जुलूस के स्वागत के लिए पहुंचा। इस दौरान कांग्रेसजनों ने फूल-मालाओं से जुलूस का आत्मीय स्वागत कर सभी को ईद मिलाद-उन-नबी की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब ने पूरी दुनिया को अमन, भाईचारे, इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम दिया है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से सभी धर्मों, सभी समाजों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। सागर की गंगा-जमुनी तहजीब इसकी मिसाल है और इसे हम सब मिलकर कायम रखेंगे। बाबू सिंह यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि -₹आज का यह मुबारक दिन हमें यह याद दिलाता है कि इस्लाम का अर्थ ही अमन और शांति है। कांग्रेस परिवार हमेशा से हर त्योहार, हर खुशी में हर के हर समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। हम सभी कांग्रेस जन संकल्प लेते हैं कि सागर में भाईचारा, एकता और विकास की इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगे। कार्यक्रम में सिन्टू कटारे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ करण लता सोनी, रिचा सिंह, जितेंद्र रोहन, आनंद लेना, नीलेश अहिरवार, विजय साहू, शिव शंकर गुड्डू यादव, ताहिर खान, चमन अंसारी, अशोक साहू, दीनदयाल तिवारी, महेश अहिरवार, विजय छत्तानी, विनोद रैकवार, शोएब कुरैशी, समीर खान, अंकुर यादव खाटू शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में लौटी रौनक, राखी दुकानों पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

रक्षाबंधन पर्व को लेकर नगर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। त्योहार नजदीक आते ही मुख्य बाजार, झंडा चौक, बस स्टैंड और सर्राफा बाजार में राखी की दुकानों पर महिलाओं और युवतियों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

दुकानों पर इस बार डिजाइनर राखी, चंदन राखी, भैया-भाभी सेट और बच्चों के लिए कार्टून राखियों की विशेष डिमांड है। दुकानदारों के अनुसार 5 रुपये से लेकर 250 रुपये तक की राखियां बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में ऑनलाइन शॉपिंग का असर भी दिख रहा है, कई ग्राहक ऑनलाइन राखी और गिफ्ट की तुलना कर खरीदारी कर रहे हैं।

वहीं मिठाई की दुकानों पर महंगाई का असर साफ देखा जा रहा है। मावा, बेसन और घी की मिठाइयों के दाम पिछले साल की तुलना में 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। इसके बावजूद लोग त्योहार की मिठास के लिए खरीदारी कर रहे हैं। बहनों ने पहले से ही मिठाई और गिफ्ट की एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है।

त्योहार को लेकर नगर पालिका द्वारा बाजारों में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त की गई है।

श्री झूलेलाल चालीहा का भावपूर्ण समापन चकराघाट पर अखंड ज्योति का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



संत कंवर राम वार्ड में पिछले दिनों से श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ चल रहे श्री झूलेलाल चालीहा का मंगलवार को भावपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। चालीहा के 26वें वर्ष के सफल आयोजन के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की आंखों में आस्था और हृदय में भगवान श्री झूलेलाल के प्रति कृतज्ञता का भाव दिखाई दिया। समापन के अवसर पर श्री झूलेलाल चालीसा की अखंड ज्योति को विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव के साथ चकराघाट पर विसर्जित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान श्री झूलेलाल से समाज, परिवार एवं समस्त मानव समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।चालीहा के दौरान व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के बीच पुरस्कार भी वितरित किए गए। प्रथम पुरस्कार वर्षा हासानी को वॉशिंग मशीन, द्वितीय पुरस्कार कंचन फबवानी को मिक्सी तथा तृतीय पुरस्कार स्नेहा जयसिंघानिया को सिलाई मशीन प्रदान की गई। पुरस्कार प्राप्त करने वाले श्रद्धालुओं ने इसे भगवान श्री झूलेलाल का आशीर्वाद बताते हुए खुशी व्यक्त की।

आयोजन समिति ने कहा कि चालीहा के दौरान व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने भगवान श्री झूलेलालजी की अपार कृपा का प्रत्यक्ष अनुभव किया। 26वें वर्ष के शुभारंभ से लेकर समापन तक पूरा आयोजन आनंद, उल्लास, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आयोजन समिति ने सहयोग देने वाले प्रत्येक श्रद्धालु, परिवार और समाज के सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद दिया।

समिति ने भावुक होकर कहा कि आयोजन के दौरान जाने-अनजाने में यदि किसी से कोई भूल या गलती हुई हो तो उसके लिए वे हृदय से क्षमा प्रार्थी हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपनी भावनाओं में हुई भूलों को क्षमा करते हुए अपना स्नेह और आशीर्वाद बनाए रखें।

आयोजन की सफलता में संस्थापक लालाराम मेठवानी, अध्यक्ष सुरेश मोहनानी, उपाध्यक्ष भारत मोहनानी एवं महिला अध्यक्ष दिया राजपूत सहित समस्त आयोजन समिति और श्रद्धालुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



खुरई में हर्षोल्लास से मनाया ईद मिलादुन्नबी

खुरई। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर ईद मिलादुन्नबी का त्योहार शहर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय द्वारा शहर के मुख्य मार्गों से भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। सुबह से ही जामा मस्जिद में रौनक रही। मस्जिद को फूलों और आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। एक-दूसरे को मुबारकबाद दी गई। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद साहब ने पैगंबर साहब की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि आपने हमेशा अमन, मोहब्बत और इंसानियत का पैगाम दिया है। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही दुनिया में शांति कायम हो सकती है। दोपहर में जुलूस जामा मस्जिद से शुरू हुआ, जो ललिता शास्त्री स्कूल, पुराने जनपद, झंडा चौक, परसा तिगड्डा, पुरानी आबकारी, टैगोर वार्ड चौराहा होते हुए मुख्य मार्गों से गुजरा। जगह-जगह फूलों से जुलूस का स्वागत किया गया। हाथों में इस्लामी झंडे लिए लोग नात-ए-पाक पढ़ते चल रहे थे। जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल रहे। नगर में जुलूस को लेकर नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई कर लोगों कि सुविधा अनुसार व्यवस्था कि गई था। वहीं सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

मोतीनगर मुक्तिधाम में किया वृक्षारोपण और सफाई अभियान चलाया

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. एन.एस. हार्डिकर की 51 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस सेवादल की अनोखी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की 51वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शहर कांग्रेस सेवादल द्वारा एक सराहनीय और संदेशमूलक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रिमझिम फुहारों के बीच सेवादल कार्यकर्ताओं ने मोतीनगर मुक्तिधाम परिसर में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया और पौधों का रोपण कर पर्यावरण व स्वच्छता संरक्षण का संदेश दिया। सेवादल के शहर अध्यक्ष सिंटू कटारे के नेतृत्व तथा जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस व सेवादल के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि महेश जाटव, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक, प्रदेश सेवादल महासचिव विजय साहू एवं शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. एन.एस. हार्डीकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सामूहिक 'वंदे मातरम' गान गाकर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का सुचारू संचालन सेवादल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक द्वारका चौधरी ने किया।

'एक कार्यकर्ता, एक वृक्ष' मिशन से प्रकृति संरक्षण का संदेश के साथ महेश जाटव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. हार्डीकर एक ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने आजादी के आंदोलन में पीड़ित व घायल सेनानियों और उनके परिजनों की निस्वार्थ सेवा के माध्यम से राष्ट्र सेवा का अनुपम मार्ग चुना। उन्होंने आगे कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और राहुल गांधी के 'एक कार्यकर्ता, एक वृक्ष' के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए सिंटू कटारे एवं सेवादल टीम द्वारा किया गया यह वृक्षारोपण अत्यंत सराहनीय कार्य है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक ने डॉ. हार्डीकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में सेवादल का जो ऐतिहासिक और सराहनीय योगदान रहा है, आज के दौर में उसी सेवाभाव की आवश्यकता एक बार फिर महसूस हो रही है। उन्होंने सेवादल कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जिस तरह वृक्षारोपण से प्रकृति के प्रदूषण को दूर किया जा रहा है, उसी प्रकार देश में अन्याय, अत्याचार और सत्तापक्ष द्वारा फैलाए जा रहे राजनीतिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए भी सेवादल को आगे आना होगा।

प्रदेश सेवादल महासचिव विजय साहू ने अपने संबोधन में कहा कि सेवादल अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का पर्याय है। उन्होंने कहा कि सेवादल के माध्यम से कांग्रेस की यह श्वेत सेना निरंतर समाज में अनुशासन और जनसेवा के कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ संचालित करती आ रही है और भविष्य में भी यह क्रम जारी रहेगा। इस दौरान मोतीनगर मुक्तिधाम में पौधरोपण के साथ-साथ परिसर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया।

आयोजन के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए सेवादल के जिला शहर अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा कि डॉ. एन.एस. हार्डीकर जी का जीवन अनुशासन, त्याग और निस्वार्थ जनसेवा का मार्ग दिखाता है। उनके बताए पदचिह्नों पर चलते हुए ही आज सेवादल ने मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाने और पौधरोपण का निर्णय लिया। हमारा लक्ष्य केवल वृक्ष लगाना नहीं, बल्कि उनकी देखरेख कर पर्यावरण को समृद्ध बनाना है। सेवादल का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों के लिए सदैव अग्रसर रहेगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नितिन पचौरी, हरिश्चन्द सोनवार, कल्लू पटेल, यंग ब्रिगेड अध्यक्ष दीपक कुर्मी, अरविंद मछंदर, आनंद हेला, अंकुर यादव, परख शुक्ला, नवीन यादव, अमर श्रीवास्तव, बंटी कोरी, लीलाधर बंसल, अमन बंसल, संजय बाल्मीकि, साहिल बाल्मीकि, दीपेश पटेल, मनोज बंसल, गोविंद बंसल, राहुल रजक, जितेंद्र बाल्मीकि, गजेंद्र बाल्मीकि, श्रीओम बाल्मीकि, पंकज बंसल, कल्लू बाल्मीकि, शिव, कार्तिक, कारव, नम्मू बाल्मीकि आदि जन उपस्थित रहे।



देवरी में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया


देवरी। देवरी नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्म दिवस के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा विशेष कार्यक्रम और जलसा आयोजित किया गया। मुस्लिम समाज के द्वारा इस पर्व को लेकर एक सप्ताह पहले से ही देवरी नगर में तैयारियां शुरू हो गई थीं। जगह-जगह झंडे, बैनर, फ्लेक्स और होर्डिंग लगाए गए तथा आकर्षक लाइटिंग से पूरे नगर को सजाया गया। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और मिठाई खिलाकर खुशियां मनाईं। नगर के अलग-अलग मोहल्लों से बड़ी संख्या में लोग जुलूस के रूप में जलसा-ए-प्रोग्राम में शामिल हुए। जुलूस गांधी वार्ड बस स्टैंड से शुरू होकर संजय नगर, पहुंचा जहां पर संजय नगर में मुस्लिम समाज के द्वारा जलसे में शामिल तमाम लोगों का इस्तकबाल किया एवं पानी और तवररूक (प्रसाद) का वितरण किया इसके बाद तमाम मुस्लिम समुदाय के लोग इकट्ठा होकर सिविल लाइन चौराहा, मुख्य सड़क, गांधी वार्ड और नगर पालिका चौराहा से साह मुहल्ला होते हुए रंगरेज मोहल्ला स्थित मदीना मस्जिद पहुंचा। जुलूस में डीजे, ढोल और नगाड़ों के साथ बड़ी संख्या में युवा, नौजवान और बुजुर्ग शामिल हुए। जलसा-ए-प्रोग्राम में गांधी वार्ड, संजय नगर, कांसखेड़ा, रंगरेज मोहल्ला और तकिया मोहल्ला सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंचे। जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान छोटे बच्चों और युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने मिलादुन्नबी की खुशियां मनाते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

टीकमगढ़-ओरछा हाईवे व मेडिकल कॉलेज के टेंडर बहाल कराने मैदान में उतरे यादवेंद्र

जिले के विकास के लिए सीएम से तत्काल हस्तक्षेप करने विधायक ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के लिए महत्वपूर्ण साबित होने वाले व्यापारिक मार्ग को लेकर उठाई मांग



जिले के विकास से जुड़ी दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं टीकमगढ़-ओरछा हाईवे और टीकमगढ़ मेडिकल कॉलेज के टेंडर निरस्त होने के मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री यादवेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर दोनों परियोजनाओं के टेंडर तत्काल प्रभाव से बहाल कराने तथा प्रक्रिया में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। विधायक यादवेन्द्र ने पत्र में कहा है कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के विकास और लाखों लोगों की जरूरतें सीधे जुड़ी हुई हैं, ऐसे में महत्वपूर्ण टेंडरों का पोर्टल से हटना बेहद गंभीर विषय है।

गरीब जनता से जुड़े मेडिकल कॉलेज का भी उठाया मुद्दा

इसी तरह विधायक ने टीकमगढ़ मेडिकल कॉलेज के टेंडर का मामला भी मुख्यमंत्री के सामने उठाया है। पत्र में कहा गया है कि बुंदेलखंड के इस पिछड़े क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए स्वीकृत मेडिकल कॉलेज का टेंडर भी करीब दो माह पहले पोर्टल से गायब हो गया। विधायक यादवेन्द्र ने इसे क्षेत्र की गरीब जनता के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजना के लंबित होने से जिले के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए बाहर जाना पड़ता है। विधायक यादवेन्द्र ने मुख्यमंत्री से कहा है कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र की जनता के प्रति उनकी सीधी जवाबदेही है। दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं के टेंडर निरस्त होने से टीकमगढ़ की लाखों की आबादी में आक्रोश, निराशा और असंतोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी के अंदाज में कहा कि यदि समय रहते इस मामले में संज्ञान नहीं लिया गया तो जनता का व्यवस्था से भरोसा कमजोर होगा और जिले के विकास को और पीछे धकेलने की स्थिति बनेगी।

अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग

विधायक यादवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जनहित को सर्वोपरि मानते हुए मामले में उच्चस्तरीय हस्तक्षेप किया जाए और टीकमगढ़-ओरछा मार्ग तथा मेडिकल कॉलेज के टेंडर तत्काल प्रभाव से दोबारा बहाल करने के निर्देश जारी किए जाएं। साथ ही भूमि अधिग्रहण से जुड़ी प्रशासनिक बाधाओं को समय-सीमा निर्धारित कर दूर कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देने की मांग की गई है। उन्होंने यह भी मांग की है कि लापरवाही बरतने और फाइलों को लंबे समय तक दबाकर रखने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उनके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में जिले की महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं प्रशासनिक लापरवाही की भेंट न चढ़ें।

जनहित से जुड़े मुद्दों पर लड़ाई लगातार रहेगी जारी

पत्र की प्रतिलिपि मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सहित संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है। विधायक यादवेन्द्र ने अधिकारियों से एनएचएआई के साथ समन्वय कर टेंडर प्रक्रिया दोबारा शुरू कराने के लिए समय-सीमा निर्धारित करने की मांग की है। विधायक यादवेंद्र सिंह ने कहा कि टीकमगढ़ के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर उनकी लड़ाई लगातार जारी रहेगी।

विधायक यादवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में टीकमगढ़-ओरछा हाईवे को जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह मार्ग केवल एक सड़क नहीं, बल्कि टीकमगढ़ को देश की राजधानी दिल्ली और प्रमुख व्यापारिक केंद्र झांसी से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है और क्षेत्र के लोग पिछले करीब 20 वर्षों से इसके उन्नयन की मांग करते आ रहे हैं। पत्र के अनुसार, एनएचएआई और स्थानीय प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण एवं ओरछा बायपास से संबंधित तकनीकी पेंच का समय पर निराकरण नहीं किए जाने के कारण हाईवे का टेंडर पोर्टल से हटा दिया गया। विधायक ने इस स्थिति को प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताते हुए मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

कलेक्टर के निरीक्षण में नहीं हो रहा था कचरे का सही पृथक्कीकरण

अवकाश के दिन कलेक्टर ने ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का ढेर व व्यवस्थाओं की खोली पोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

सरकारी व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय लगातार मैदानी स्तर पर पहुंचकर औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ नगर पालिका टीकमगढ़ के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं कचरा निपटान के लिए बनाए गए ट्रेंचिंग ग्राउंड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कचरा प्रबंधन व्यवस्था में कई कमियां सामने आने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के साथ जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने निरीक्षण के दौरान केवल अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के बजाय मौके पर पहुंचकर स्वयं कचरा पृथक्कीकरण, वाहनों की आवाजाही, लॉग बुक और ट्रेंचिंग ग्राउंड में चल रही वास्तविक व्यवस्था को देखा। निरीक्षण में सामने आया कि शहर से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंच रहे कचरे को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गीले और सूखे कचरे में अलग-अलग नहीं किया जा रहा था। इसके अलावा सूखे कचरे, गीले कचरे, प्लास्टिक एवं दहनशील पदार्थों के लिए निर्धारित डस्टबिन का भी समुचित उपयोग नहीं किया जा रहा था। संग्रहण वाहनों द्वारा खुले में कचरा डंप किए जाने की स्थिति भी सामने आई। इस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों और एजेंसी के प्रतिनिधियों से जवाब-तलब किया तथा व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी मूलभूत नागरिक सुविधा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि शहर से निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निपटान किया जाना जरूरी है। कचरे को बिना पृथक्कीकरण के एक साथ डंप करने से न केवल स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि पर्यावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इसलिए गीले, सूखे, प्लास्टिक और अन्य प्रकार के कचरे को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार अलग-अलग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा वाहनों की आवाजाही का रिकॉर्ड रखने वाली लॉग बुक की भी बारीकी से जांच की। कई दिनों की प्रविष्टियां अधूरी अथवा अपेक्षाकृत कम दर्ज मिलीं। इस पर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों, वाहन चालकों और सुपरवाइजरों से सीधे पूछताछ कर वास्तविक स्थिति जानने का प्रयास किया। वाहनों के संचालन के बावजूद उनका समुचित रिकॉर्ड लॉग बुक में दर्ज नहीं किए जाने की स्थिति को कलेक्टर ने गंभीरता से लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि कचरा वाहनों की आवाजाही और कार्य का रिकॉर्ड नियमित एवं व्यवस्थित तरीके से दर्ज किया जाए, ताकि यह स्पष्ट रहे कि किस वाहन ने किस क्षेत्र से कचरा उठाया और उसे ट्रेंचिंग ग्राउंड तक कब पहुंचाया। नगर के सभी वार्डों से कचरा एकत्र कर ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाने तथा वहां कचरे का पृथक्कीकरण करने की जिम्मेदारी निजी एजेंसी को सौंपी गई है। इसके लिए 15 कर्मचारियों की तैनाती का प्रावधान है। बावजूद इसके निरीक्षण में कचरा पृथक्कीकरण का कार्य निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप संतोषजनक नहीं पाया गया। कलेक्टर ने संबंधितों की जवाबदेही तय करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिम्मेदारी तय होने के बाद भी यदि व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होता है तो संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ट्रेंचिंग ग्राउंड के निरीक्षण के दौरान भी कलेक्टर ने साफ कर दिया कि स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही पर अब केवल निर्देश नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी तय होगी।

राशन दुकान में 4.08 लाख का खाद्यान्न गायब कालाबाजारी का खुलासा

पिपरा मडोरी शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता व सहायक विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा



टीकमगढ़। जिले के बल्देवगढ़ विकासखंड अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान पिपरा मडोरी, दुकान क्रमांक 304117 में खाद्यान्न स्टॉक की जांच के दौरान बड़ी अनियमितता सामने आई है। जांच प्रतिवेदन में दुकान के स्टॉक में हजारों किलोग्राम खाद्यान्न कम पाए जाने का उल्लेख करते हुए विक्रेता मालती अहिरवार एवं सहायक विक्रेता विजय सिंह ठाकुर के विरुद्ध खाद्यान्न की कालाबाजारी किए जाने की आशंका जताई गई है। जांच में कुल 4 लाख 8 हजार 500 रुपये मूल्य के खाद्यान्न की कमी सामने आई है।

जांच के दौरान दुकान के अभिलेखों और उपलब्ध खाद्यान्न स्टॉक का मिलान किया गया। इसमें सबसे बड़ी कमी गेहूं के स्टॉक में सामने आई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार दुकान में 10,104 किलोग्राम गेहूं कम पाया गया, जिसकी आर्थिक लागत 3 लाख 3 हजार 120 रुपये निर्धारित की गई है। इसी तरह 2,414 किलोग्राम चावल कम मिला, जिसकी कीमत 96 हजार 560 रुपये आंकी गई है। इसके अलावा जांच में 567 किलोग्राम नमक भी स्टॉक में कम पाया गया। इसकी आर्थिक लागत 8 हजार 505 रुपये निर्धारित की गई है। वहीं 7 किलोग्राम शक्कर की कमी सामने आई, जिसकी कीमत 315 रुपये आंकी गई। इस तरह गेहूं, चावल, नमक और शक्कर की कुल कमी की आर्थिक लागत जोड़ने पर राशि 4 लाख 8 हजार 500 रुपये पहुंचती है। जांच प्रतिवेदन में विक्रेता और सहायक विक्रेता के कृत्य को खाद्यान्न की कालाबाजारी से संबंधित बताते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के निर्धारित नियमों के उल्लंघन का उल्लेख किया गया है। जांच में यह भी कहा गया है कि संबंधितों का कृत्य मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015 की कंडिका 10(4), 11(1), 11(2), 13(2) एवं 18 तथा जारी प्राधिकार पत्र की शर्तों के विपरीत है। मामले को गंभीर मानते हुए जांच प्रतिवेदन में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय होने का उल्लेख किया गया है। यानी राशन दुकान में निर्धारित स्टॉक से इतनी बड़ी मात्रा में खाद्यान्न कम मिलना महज रिकॉर्ड की गड़बड़ी नहीं, बल्कि जांच के अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े गंभीर नियम उल्लंघन का मामला माना गया है। जांच में सामने आई खाद्यान्न की कमी के आधार पर संबंधित दोषी व्यक्ति से 4 लाख 8 हजार 500 रुपये की आर्थिक लागत वसूल किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत वैधानिक कार्रवाई किए जाने की अनुशंसा भी की गई है। राशन दुकानों के माध्यम से गरीब और पात्र परिवारों को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में हजारों किलोग्राम खाद्यान्न का स्टॉक कम मिलना सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित विभाग विक्रेता एवं सहायक विक्रेता के खिलाफ कितनी सख्त कार्रवाई करता है और प्रस्तावित 4.08 लाख रुपये की वसूली किस स्तर तक पहुंचती है। फिलहाल जांच प्रतिवेदन में खाद्यान्न की भारी कमी और नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आने के बाद संबंधित विभाग की आगामी कार्रवाई पर निगाहें टिकी हैं।

वृद्ध मां ने पेंशन, मकान-जमीन को लेकर बड़े बेटे-बहू पर लगाए गंभीर आरोप, एसपी से शिकायत

छोटे भाई के कागज कम्प्लीट कराके बड़े ने ले ली अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के प्रेमनगर निवासी एक वृद्ध महिला ने अपने बड़े बेटे और बहू के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में महिला ने अपने बेटे पर छल-कपट और धोखाधड़ी के जरिए अनुकंपा नियुक्ति हासिल करने, पति की मृत्यु के बाद बनाए गए मकान पर कब्जा करने, सोने-चांदी के जेवर छीनने तथा पेंशन पर लोन लेकर आर्थिक परेशानी खड़ी करने के आरोप लगाए हैं। वहीं बहू पर मारपीट करने और आए दिन अश्लील गालियां देने का आरोप लगाया गया है। महिला ने मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में विधवा पीड़िता महिला महंती घोष निवासी प्रेमनगर थाना दिगौड़ा ने बताया कि उनके पति जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में ग्राम पंचायत समन्वयक के पद पर पदस्थ थे और सेवाकाल के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद परिवार को मिलने वाली अनुकंपा नियुक्ति को लेकर विवाद शुरू हुआ। वृद्धा का आरोप है कि उनके बड़े पुत्र द्रगपाल घोष ने चालाकी और धोखाधड़ी करते हुए उनके साथ कागजात पर हस्ताक्षर कराए। शिकायत में कहा गया है कि छोटे पुत्र प्रभुदयाल को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के नाम पर सहमति बनाकर दस्तावेज तैयार कराए गए, लेकिन बाद में कथित तौर पर उन्हीं दस्तावेजों का इस्तेमाल बड़े पुत्र ने स्वयं नौकरी हासिल करने के लिए कर लिया। आवेदिका ने आरोप लगाया कि उनके छोटे पुत्र के फर्जी हस्ताक्षर कराकर अनुकंपा नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया में उनका इस्तेमाल किया गया और वर्तमान में बड़ा पुत्र जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में नौकरी कर रहा है।



पेंशन पर लोन व पति के बनाए मकान पर कब्जे का भी आरोप

शिकायत में वृद्धा ने यह भी आरोप लगाया है कि उनके पति द्वारा बनाए गए मकान पर बड़े पुत्र ने कब्जा कर लिया है और उन्हें वहां से निकलने नहीं दिया जा रहा है। महिला का कहना है कि मकान पर कब्जे के साथ-साथ उसके सोने-चांदी के जेवर भी कथित रूप से छीन लिए गए हैं। पेंशन से मिलने वाली राशि पर भी लोन लिए जाने का आरोप लगाया गया है, जिसके कारण पेंशन में कटौती हो रही है और वृद्धा को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में बहू साधना घोष, जो आंगनवाड़ी सहायिका के रूप में कार्यरत बताई गई हैं, पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। महिला ने आरोप लगाया कि बेटा और बहू दोनों मिलकर आए दिन उसे अश्लील गालियां देते हैं, मारपीट करते हैं और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। शिकायत में यहां तक कहा गया है कि उसके साथ गर्दन दबाने तथा जान से मारने की कोशिश भी की गई।

बेटे पर लगाया आपराधिक प्रवृत्ति का होने का आरोप

वृद्धा ने अपने आवेदन में पूर्व में हुई मारपीट की घटना का भी उल्लेख किया है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे और बहू द्वारा उनकी छोटी बहू तथा छोटे बेटे के साथ भी कथित रूप से बेरहमी से मारपीट की गई थी, जिसकी एफआईआर दिगौड़ा थाने में दर्ज होने की बात शिकायत में कही गई है। शिकायत में आवेदिका ने अपने बड़े पुत्र पर आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति होने का आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत जतारा में करोड़ों रुपये के गबन और जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में भी गबन किए जाने का आरोप लगाया है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि संबंधित मामले में वह करीब नौ माह तक जेल में रहा है। इन आरोपों की पुष्टि पुलिस या संबंधित विभागीय जांच से होना शेष है।

नौकरी से हटाने और दस्तावेजों की जांच की मांग

वृद्धा ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में पदस्थ बड़े पुत्र द्रगपाल घोष की अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित संपूर्ण दस्तावेज मंगाकर उनकी जांच कराई जाए। साथ ही आरोप सही पाए जाने पर उसे तत्काल नौकरी से हटाने की कार्रवाई की जाए। आवेदन में छोटे पुत्र की सहमति के बिना नौकरी किए जाने की भी जांच कराने की मांग की गई है। इसके अलावा महिला ने अपने सोने-चांदी के जेवर वापस दिलाने, बहू साधना घोष को आंगनवाड़ी सहायिका के पद से हटाने तथा उसकी नियुक्ति से संबंधित कथित फर्जी अंकसूची और दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की है। वृद्धा ने पुलिस अधीक्षक से स्वयं को अपने बेटे-बहू की कथित प्रताड़ना से बचाने और पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

जमीन हड़पने और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के आरोप में छह पर मुकदमा

ललितपुर। जमीन के फर्जी बैनामे, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने तथा राजस्व एवं चकबंदी विभाग के कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से भूमि पर कब्जा कराने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और धमकी समेत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम मसौराकलां निवासी जयप्रकाश तिवारी की ओर से न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी पारिवारिक आराजी संख्या 353/3, जिसका कुल रकबा 0.316 हेक्टेयर है, का कुछ हिस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए अधिग्रहित किया गया था। अधिग्रहित भूमि का मुआवजा और बैनामा होने के बाद शेष भूमि संबंधित भाइयों के हिस्से में रह गई थी। आरोप है कि राकेश पुत्र सत्यनारायण निवासी मसौराकलां को भूमि की वास्तविक स्थिति की जानकारी होने के बावजूद उसने अपने हिस्से से अधिक भूमि का कथित रूप से गलत तरीके से लक्ष्मीपुरा निवासी निर्मल कुमार जैन पुत्र लक्ष्मीचंद जैन के पक्ष में बैनामा कर दिया। शिकायतकर्ता ने इस मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की थी।

वार्ड क्रमांक 21 में आयुष कार्यालय परिसर में लगाए छायादार व फलदार पौधे

पौधारोपण व मेरी 3-आर राखी रूप में स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण की पहल

विद्यालय में बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से बनाई आकर्षक राखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू की पहल पर वार्ड क्रमांक 21 स्थित आयुष कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विद्यालय में मेरी 3आर राखी कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और कचरे के बेहतर प्रबंधन का संदेश दिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान आयुष कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू के साथ नगर पालिका का स्टाफ और वार्डवासी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लेते हुए शहर को अधिक हरा-भरा बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही।

पौधारोपण के साथ संरक्षण का संकल्प

कार्यक्रम के दौरान कहा गया कि वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना जरूरी है। पौधारोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। पेड़-पौधे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ वातावरण को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों को संरक्षित करने की अपील की। इसी अभियान के तहत नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ द्वारा विद्यालय में रक्षाबंधन के अवसर पर मेरी 3आर राखी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने पुराने और अनुपयोगी वेस्ट मटेरियल का उपयोग कर सुंदर एवं आकर्षक राखियां तैयार कीं। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं को उपयोगी और सुंदर रूप प्रदान किया। इस पहल के माध्यम से बच्चों को रिड्यूस, रीयूज़ और रिसाइकिल यानी 3आर का महत्व समझाया गया। बच्चों को बताया गया कि अनावश्यक वस्तुओं का उपयोग कम करना, उपयोग की जा सकने वाली वस्तुओं का दोबारा इस्तेमाल करना और कचरे को रिसाइकिल करना स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

वेस्ट को बेस्ट बनाने का संदेश

बच्चों की बनाई राखियों ने वेस्ट को बेस्ट बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में यह समझाने का प्रयास किया गया कि थोड़ी सी रचनात्मक सोच और प्रयास से अनुपयोगी सामग्री का भी उपयोगी रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे न केवल कचरा कम होता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है। नगर पालिका परिषद के इस अभियान में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और रचनात्मकता को एक साथ जोड़ने का प्रयास किया गया। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बच्चों ने जहां अपनी कला और हुनर से आकर्षक राखियां तैयार कीं, वहीं पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश भी दिया। इस पहल का संदेश साफ रहा कि इस रक्षाबंधन रिश्तों की डोर मजबूत करने के साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया जाए। नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ के निकाय कोड 802130 के अंतर्गत आयोजित इस जागरूकता गतिविधि से बच्चों और नागरिकों को स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

तीनों मामलों में अपराध दर्ज कर कार्रवाई में जुटी पुलिस

अलग-अलग हादसों में दो की मौत नदी में बहा युवक दूसरे दिन भी लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में घटित हादसो के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। इनमें एक कक्षा 10 वीं का छात्र था, जो नेशनल हाइवे 552 पर सोंईकलां बाइपास के पास तब सडक दुर्घटना का शिकार हो गया, जब वह बीती शाम को श्योपुर से बाइक पर सवार होकर अपने गांव बगडुआ जा रहा था। देहात थाना क्षेत्र में घटित हुए इस सडक हादसे के दौरान मृतक का जुडवा भाई भी घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। वहीं दूसरी घटना ढोढर थाना क्षेत्र में हुई है। जहां जंगल में भैस चराते समय एक ग्रामीण की सर्प के डंसने के कारण मौत हो गई। तीसरा मामला सेसईपुरा थाना क्षेत्र का है। जहां कूनो नदी में नहाने के लिए उतरा युवक डूब गया। जिसका दूसरे दिन भी कोई अता पता नहीं है। हालांकि सेसईपुरा थाना पुलिस एसडीआरएफ टीम के साथ उसकी नदी में तलाश करवा रही है, मगर खबर लिखे जाने तक उसका कोई अता पता नहीं चल सका है।



खूब किए जतन, फिर भी नहीं बच सकी रामनरेश की जान

ढोढर थाना क्षेत्र के चांदीपुरा के जंगल में रामनरेश गुर्जर की मंगलवार की शाम को सर्प दंश के चलते मौत हो गई। बताया गया है कि ग्राम बालापुरा निवासी रामनरेश गुर्जर चांदीपुरा के जंगल में अपनी भैसो के साथ खिरकाई बनाकर उन्हें चराने के लिए रह रहा था। मंगलवार की शाम को उसे भैसो को चराते समय सर्प ने डस लिया। जिसका पता चलने पर खिरकाई पर मौजूद लोगों सहित परिवार के लोगो ने उसे बचाने के लिए कई जतन किए, मगर उसकी जान नहीं बच सकी और जिला अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीएम के बाद उसके शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया।

अचानक सामने आई गाय से टकराई बाइक

देहात थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे 552 पर सोईकलां बायपास के पास मंगलवार की शाम को जो सडक हादसा घटित हुआ है,वह अचानक हाइवे पर आई गाय से बाइक के टकराने की वजह से हुआ है। बताया जा रहा है कि ग्राम बगडुवा निवासी दो जुडवा भाई लव मीणा और कुश मीणा मंगलवार की देर शाम को श्योपुर से बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहे थे, तभी सोंईकलां बायपास के पास उनकी बाइक अचानक हाइवे पर आई गाय से टकरा गई। जिससे बाइक सवार दोनो भाई घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगो की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जहां लव मीणा को डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। देहात थाना पुलिस ने बुधवार को पीएम के बाद शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान सोंई क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सोईकलां बायपास पर लगी स्ट्रीट लाइट रात्रि के दौरान नहीं जलती है। जिसकारण यहां अंधेरा होने की वजह से आए दिन हादसे घटित हो रहे है।

नदी में नहाने उतरा रामनिवास पानी के तेज बहाव में बह गया

सेसईपुरा निवासी रामनिवास आदिवासी पुत्र रामस्वरूप आदिवासी कूनो नदी में नहाने के दौरान पानी के तेज बहाव के दौरान बह गया। जिसका अभी तक कोई अता पता नहीं है।सेसईपुरा थाना प्रभारी जेपीएस जादौन ने बताया कि रामनिवास आदिवासी गांव के ही एक मृत व्यक्ति के नहान के दौरान कूनो नदी पर समाज के लोगो के साथ नहाने के लिए पहुंचा था। नहाने के दौरान रामनिवास गहरे पानी में उतर गया और पानी के तेज बहाव के साथ बहते हुए नदी में डूब गया। जिसकी तलाश करवाई जा रही है।

सेसईपुरा थाना क्षेत्र का मामला, सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

रानीपुरा गांव में आदिवासी महिलाओं ने शराब के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



सेसईपुरा थाना क्षेत्र के रानीपुरा गांव में बुधवार को आदिवासी महिलाओं ने गांव में बन रही महुआ शराब के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। महिलाओं ने मोंगिया बस्ती से महुआ से बनी शराब और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला महुआ जब्त कर पुलिस के हवाले कर दिया। महिलाओं का कहना था कि गांव के कुछ लोग शराब पीकर घरों में विवाद और मारपीट करते हैं। इतना ही नहीं, शराब की लत के चलते कई लोग घर का सामान तक बेच देते हैं, जिससे परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है। महिला प्रेमा आदिवासी, लीला आदिवासी, वैशाली आदिवासी, अंगूरी आदिवासी सहित अन्य महिलाओं का आरोप है कि मोंगिया बस्ती में कुछ लोगों द्वारा महुआ से शराब तैयार की जा रही थी।

इस शराब का सेवन करने के बाद गांव के कई लोग नशे में घर पहुंचकर पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करते हैं। शराब के कारण परिवारों में अशांति का माहौल बना हुआ था। महिलाओं का यह भी कहना था कि लगातार शराब पीने से कुछ लोग बीमार भी हो रहे हैं। इसी समस्या से परेशान होकर बुधवार को महिलाएं एकजुट हुईं और मोंगिया बस्ती पहुंचकर शराब तथा शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला महुआ पकड लिया और महिलाओं का कहना है कि पुलिस को मौके पर बुलाकर 50-50 लीटर की तीन टंकियों में गला हुआ महुआ और 15-15 लीटर की तीन केनों में तैयार शराब को बरामद पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। इस संबंध में सेसईपुरा थाना प्रभारी जेपीएस जादौन ने बताया कि उन्हें फोन के माध्यम से सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचा और महिलाओ से चर्चा करते हुए मामले में नियमानुसार कार्रवाई की गई।

मां की हत्या करने वाले बेटे को मिली फांसी की सजा उम्र कैद में बदली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मां की हत्या करने वाले जिस बेटे को अदालत ने जो फांसी की सजा दी थी उस सजा को न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार की अदालत ने उम्र कैद में तब्दील कर दिया है। अदालत के इस फैसले के बाद जिला जेल में मौत के दिन गिन रहे आरोपी दीपक को अब श्योपुर जिला जेल से ग्वालियर जेल में शिफ्ट कर दिया गया है।

आरोपी दीपक पचौरी, उम्र 24 वर्ष, निवासी रेलवे कॉलोनी, श्योपुर ने वक़ील के माध्यम से अदालत में गुहार लगाई थी कि उसे दी गई फांसी की सजा पर पुनर्विचार किया जाए। आरोपी के वकील ने कई दलीलें दी जिसमें पूर्व में दिए गए फैसले की समीक्षा करने का निवेदन करते हुए इस और ध्यान दिलाया कि मृतक का वारिस के रूप में दीपक इकलौता सहारा था और वह उसके बैंक का नॉमिनी भी था घर में रखे जेवर भी गायब नहीं हुए थे ऐसी स्थिति में लगता नहीं है कि उसके द्वारा मां की हत्या की थी ज्ञात हो कि मृतक महिला आरोपी को बचपन में अनाथ आश्रम से गोद लेकर आई थी दत्तक पुत्र होने के नाते वह उसके साथ रह रहा था और उसकी संपत्ति का वारिस भी था। सभी बातों पर विचार करते हुए अदालत ने अभियुक्त को निर्दोष मानने से तो साफ इनकार कर दिया लेकिन दोषी मानते हुए फांसी की सजा को बदलकर उम्र कैद में तब्दील जरूर कर दिया।

तेजाजी के चबूतरा का होगा जीर्णोद्धार नगर पालिका अमले ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के वार्ड क्रमांक 20 में गिर्राज घाट स्थित तेजाजी का चबूतरा का जीर्णोद्धार किया जाएगा। साथ ही इस रास्ते में नालियों और सड़कों का मेंटीनेंस होगा इसके अलावा गिर्राज घाट और विभिन्न गलियों में भी आवश्यकता अनुसार कार्य किए जाएगे। इस संबंध में पार्षद के अनुरोध पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग के साथ नपा अमले ने मौके पर पहुंचकर संभावित कार्य का स्थल निरिक्षण किया।

वार्ड 20 के पार्षद प्रतिनिधि दीप चंद रेगर ने बताया कि तेजाजी के चबूतरे के मेंटिनेन्स हेतू तेजा दशमी उत्सव समिति द्वारा की गई मांग के तहत पार्षद के अनुरोध पर नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग के निर्देश पर इंजिनियर पवन गर्ग और उनकी टीम ने गिर्राज घाट पर पहुंचकर तेजाजी महाराज के चबूतरे एवं अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान मोके पर मौजूद



नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग ने उपयंत्री पवन गर्ग को काम का स्टीमेट बनाकर तेजा दशमी से पहले कराने के निर्देश दिए।

लहचौड़ा में गोबर फेंकने की बात पर विवाद,पिता पुत्र घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लहचौडा में बुधवार की सुबह गोबर फेंकने की बात को लेकर विवाद हो गया है। महिलाओ के बीच गाली गलौच से शुरू हुआ यह विवाद इतना बढ गया कि एक परिवार के लोगो ने दूसरे पक्ष के लोगों की लाठी और कुल्हाडी से मारपीट कर दी। जिससे दूसरे पक्ष के दो लोग जख्मी हो गए।

जख्मी हुए दोनो लोग आपस में पिता पुत्र है। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लहचौडा निवासी रघुवीर सुमन और जगदीश सुमन एक ही गांव के निवासी है। बुधवार की सुबह रघुवीर सुमन की पत्नी और जगदीश सुमन की पत्नी के बीच गोबर फेंकने की बात को लेकर विवाद हो गया। गाली गलौच से शुरू हुआ यह विवाद इतना बढ गया कि जगदीश और उसका बेटा बनवारी सुमन लाठी और कुल्हाडी लेकर रघुवीर के घर पहुंच गए और रघुवीर व उसके बेटे खुश सुमन की लाठी कुल्हाडी से मारपीट कर दी। जिससे यह दोनो घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया।इस मामले में पुलिस ने रघुवीर सुमन की रिपोर्ट पर जगदीश और बनवारी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

रायपुरा में जनसंवाद कार्यक्रम 29 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत श्योपुर जिले में 29 अगस्त शनिवार को जनसंवाद कार्यक्रम विकासखण्ड श्योपुर के ग्राम रायपुरा में आयोजित होगा।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक शुक्रवार को जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश है, उक्त निर्देशों के क्रम में शासन द्वारा शुक्रवार के दिन अवकाश होने की स्थिति में इसके अगले दिन शनिवार को शिविर आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में शुक्रवार को रक्षाबंधन का अवकाश होने से एक दिवस पश्चात अर्थात शनिवार को रायपुरा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशन में 29 अगस्त को रायपुरा कलस्टर पर आयोजित होने वाले जनसंवाद कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तिल्लीपुर, रायपुरा, बर्धाबुजुर्ग, नगदी, नागदा शामिल रहेंगे।

इस अभियान के दौरान क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जनसंवाद के माध्यम से आम लोगों की शिकायतों का निराकरण किया जायेगा तथा शासकीय योजनाओं की निगरानी के साथ ही कल्याणकारी योजनाओं में शेष पात्र लोगों को लाभ देने की कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत लगने जा रहे शिविर- जनसंवाद कार्यक्रम में भ्रमण क्षेत्र की लंबित सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जायेगा तथा लोक सेवा गारंटी के अधिनियम के अंतर्गत दर्ज भ्रमण क्षेत्र के लंबित प्रकरण भी निराकृत होंगे। इसके साथ ही अविवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बटवारा के लंबित प्रकरण भी निराकृत किये जायेगे। ई-केवायसी शिविर व आयुष्मान कार्ड शिविर भी लगाए जायेगे।

यूसीसी के विरोध में जमियत ने सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

श्योपुर। सामान नागरिक संहिता यूसीसी को लागू नहीं करने की मांग को लेकर जमियत उलमा ए हिंद की जिला इकाई श्योपुर ने भी देश व्यापी अभियान के तहत मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा। जमियत के जिलाध्यक्ष आदिल कुरैशी द्वारा एसडीएम गगन मीणा को सौपे ज्ञापन में उल्लेख है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) से अनुमोदित किए जाने के उपरांत उसे आगे की संवैधानिक प्रक्रिया हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है। ज्ञापन में उल्लेख है कि हमारा उद्देश्य किसी धर्म, समुदाय अथवा नागरिक वर्ग के विरोध में नहीं है। हमारा उद्देश्य केवल भारतीय संविधान की मूल भावना, धार्मिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक विविधता, विधिक न्याय तथा सामाजिक सद्भाव की रक्षा करना है। भारत एक बहुधार्मिक एवं बहुसांस्कृतिक राष्ट्र है। इसी विविधता को ध्यान में रखते हुए संविधान ने प्रत्येक नागरिक को अपने



धर्म के अनुसार जीवन जीने तथा अपनी धार्मिक परंपराओं और प्रदजिगत दिधियों का पालन करने का अधिकार प्रदान किया है। उस अधिकार के तहत मुसलमानो को भी अपनी धार्मिक परम्पराओ को बनाए रखने का अधिकार प्राप्त है जो यूसीसी अधिनियम से खत्म हो रहा है। इसलिए इसे लागू करने से रोका जाए।

रक्षाबंधन पर बंदियों से खुली मुलाकात का समय निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रक्षाबंधन के अवसर पर जिला जेल श्योपुर में खुली मुलाकात के संबंध में निर्देश जारी किये गये है। जिसके तहत जेल में निरूद्ध बंदियो को राखी बांधने के लिए आने वाली बहनों को मुलाकात की अनुमति दी जायेगी। जेल अधीक्षक श्योपुर प्रभात कुमार ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर जिला जेल श्योपुर में खुली मुलाकात के निर्देश प्राप्त हुए है। इस क्रम में बंदियो से मुलाकात कर राखी बांधने के लिए बहनों को ही अनुमति दी जायेगी। खुली मुलाकात का समय रक्षाबंधन 28 अगस्त को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। बहने अपने साथ राखी एवं 100 ग्राम सूखी मिठाई ला सकेगी, पुरूषो की मुलाकात प्रतिबंधित रहेगी।

श्योपुर कॉलेज में लगा स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



उच्च शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के संयुक्त तत्वावधान में उमंग हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तहत पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय श्योपुर में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जिला अस्पताल के डॉक्टरो ने पहुंचकर कॉलेज के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम का कॉलेज के प्रो. अरविंद दोहरे, डॉ. भूपेंद्र हरदेनिया, डॉ. सीमा चौकसे ने माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। शिविर के दौरान डॉ. राधिका मित्तल ने कॉलेज विद्यार्थियों को ओरल हेल्थ कैसे उचित तरीके से बनाई रखी जाये एवं गुटखा तंबाकू जैसी सामाजिक बुराइयों से खुद को एवं परिजनों को दूर रखा जाए। जबकि डॉ.अपर्णा द्वारा आई हेल्थ कैसे सही रखी जाये और कैसे स्क्रीन टाइम कम करके आंखों की सुरक्षा की जाए विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर्स और टेक्निशियंस की टीम द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांचें की गईं जिसमें विद्यार्थियों, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगणों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ अजीत सिंह, शालू दुबे द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार नोडल अधिकारी डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया ने किया।

हर्षोल्लास से मनाया मुस्लिम समुदाय ने पैगंबर का जन्मोत्सव

रिमझिम बारिश के बीच शहर में निकाला गया ईद मिलादुन्नबी का भव्य जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर सहित अंचल में बुधवार को ईद मिलादुन्नबी त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हालांकि बारिश शुरू हो जाने से इस बार हमेशा की तरह मदरसों के बच्चों की रैली नहीं निकाली गई लेकिन बड़ी संख्या में बच्चे भी अपने अभिभावकों के साथ छतरी लगाकर जुलूस में दिखाई पड़े।

विगत दिनों से प्रशासन के साथ मुस्लिम समाज के लोगों की आयोजित हुई बैठक में यह निर्णय लिया कि, मुस्लिम समाज ईद मिलादुन्नबी का जुलूस तो निकालेगा, लेकिन जुलूस में शामिल लोग पटाखे नहीं फोड़ेंगे और कोई ऐसा उत्तेजना पैदा करने वाला नारा नहीं लगाएंगे जिससे दूसरे धर्म से जुड़े लोगों को किसी तरह की आपत्ति उठाने का मौका मिले। शहर में तीन स्थानों से ईद मिलदन्नबी का जुलूस निकाले गए जिसमें सबसे पुराना जुलूस वार्ड 22 क़र्बला रोड मदरसा फारुकिया से एवं दूसरा जुलूस वार्ड 1 किला बस्ती से तथा तीसरा जुलूस गांधी नगर मदरसा से निकाला गया। किला का जुलूस किला बस्ती से शुरू होकर जयस्तंभ से वापस किला बस्ती पहुंचा। दूसरा जुलूस करबला रोड से शुरू होकर छारबाग टीला मोहल्ला, सूबात चौराहा, मैन बाजार, पटेल चौक से शिवपुरी रोड होता हुआ सूबात चौराहा, भैंस पाड़ा होते हुए वापस करबला रोड पहुंचकर संपन्ना हुआ। तीसरा जुलूस गांधीनगर से निकला जो गांधी पार्क से वापस गांधीनगर पहुंचा। उधर विजयपुर, बड़ौदा, शिवलालपुरा आदि स्थानों पर ईद मिलादुन्नाबी पर जुलूस निकाले गए। जामा मस्जिद श्योपुर में हुए सीरतुन्नबी जलसा आयोजित किया गया जिसमें बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति पर अंजुमन सदर अकरम खान ने उन्हें पुरस्कार बांटे। बाद में बाहर से आए मौलाना ने हुजूर पाक सल्लल्लाहु अलैहिवल्लम के जीवन पर प्रकाश डाला।



मदरसों के बच्चों को रखा जुलूस से दूर

ईद मिलादुन्नाबी के त्योहार के दिन बारिश हो जाने से मदरसे के बच्चों को भीगकर बीमार हो जाने से बचाने के लिए जुलूस से दूर रखा गया। निकाले जाने वाला जुलूस मुख्य रूप से मदरसों के बच्चों के साथ ही निकाला जाता हैं। इस दौरान शहर में एक सैंकड़ा के करीब मदरसों के हजारों बच्चे जुलूस में शामिल होते हैं। लेकिन बारिश आ जाने से मदरसा संचालकों ने बच्चों कों मदरसों में ही रोके रखा। और मदरसों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य आयोजन जामा मस्जिद सब्जी मंडी में सीरतुन्नबी जलसा के रूप में आयोजित किया गया।



विजयपुर में निकाला जुलूस

विजयपुर मे ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास से मनाई गई इस अवसर पर शहर में जुलूस निकाला गया जो जामा मस्जिद से सुबह 09 बजे शुरू हुआ और गांधी चौक इमली चौराहा, थाना मार्ग कोड़िया का नाला, बायपास, बस स्टैंड, गांधी चौक होते हुए बापस जामा मस्जिद पहुंच कर सम्पन्न हुआ जुलूस के शुरआत से पहले मुस्लिम समाज के वर्तमान अध्यक्ष हकीम उरफ़ बंटी खान ने पूर्व अध्यक्ष और नायब काजी एवं मस्जिद के इमाम शहादत हाइसेन पगाडी बाँधी गई। जुलूस की शुरआत हुई। जुलूस की समाप्ति के बाद जलसा सिरतुन्नबी जलसा आयोजित किया गया जिसमें नायब काजी शहादत हुसैन ने हुजूर पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जीवन वृत से लोगों को परिचित कराया।

25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई लगाने के लिए मिलेगा 42 लाख तक ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना शुरू की गई है, जिसमें 25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई लगाने के लिए 42 लाख तक का ऋण उपलब्ध होगा। मध्यप्रदेश शासन इस योजना के तहत डेयरी इकाई लगाने वाले हितग्राही को 33 फीसदी तक सबसिडी भी दे रही है।

श्योपुर जिले में कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार डेयरी उद्योग में रूचि रखने वाले युवाओं को उक्त योजना के तहत लाभ दिलाने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है तथा योजना का अधिक से अधिक युवा लाभ लें, इसके लिए पशुपालन विभाग को प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये है। शासन की उक्त महत्वपूर्ण योजना के तहत 25 गाय पालने के लिए 38 लाख रूपये तथा 25 भैस पालने के लिए 42 लाख रूपये की ऋण राशि बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी, इसमें एससी एवं एसटी वर्ग को 33 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग को 25 प्रतिशत सबसिडी प्रदान की जायेगी। योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही के पास साढे तीन एकड भूमि होना जरूरी है, जिससे वह उक्त भूमि पर डेयरी इकाई के साथ ही भूसा घर एवं दुधारू पशुओं के लिए शैड बना सकें। उन्होने बताया कि युवा इस योजना का लाभ लेकर डेयरी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते है। इसके लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। योजना की खास बात यह है कि हितग्राही इस ऋण को प्रत्येक दो साल में पुनः ले सकता है और कम से कम 8 बार तक शासन की योजना का लाभ लिया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए उप संचालक पशुपालन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुमेर निवासी रामसिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मन्टू, रामलाल और कन्हेया आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बराना निवासी बसंतीबाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चंदू आदिवासी ने नशे में उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छैवलाई निवासी अर्जुन कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुनील और संजय रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

लोन दिलाने के नाम पर राशि वसूल की, व चेक वापस नहीं किया

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत अनूप सोनी निवासी अथाईखेडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है मनीष जैन ने लोन दिलाकर उससे अधिक राशि वसूल की व फरियादी का चेक वापिस नहीं किया, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

जुओं के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए आरोपियों पर कार्यवाही की है। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पुलिस ने स्कूल के पीछे गरेठीं में मोनू, अहिरवार,धन्नू, अभिषेक और मुकेश अहिरवार को ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 1200 रूपए और ताश की गडडी बरामद की है। पिपरई पुलिस ने ही ग्राम गरेंठी में बस स्टेण्ड के सामने जुआ खेलते हुए मोनू कुशवाह, बबलू लोधी,लोकपाल सोलंकी, नेपाल चंदेल को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से ताश की गडडी और 1100 रूपए बरामद किए गए हैं।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। कोतवाली पुलिस ने अजय पुत्र हीरालाल आदिवासी को अवैध रूप से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार कदवाया पुलिस ने मुलायम लोधी निवासी बुड़ेरा के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढ़ौरा पुलिस ने चिरोला निवासी सरीफ सपेरा के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है और कैथाई निवासी शिवराज अहिवार के पास से भी 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है।

6 बार सीमांकन के बाद भी भूमि नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान

सुनवाई न होने पर ग्रामीण आवेदनों की माला पहनकर जनसुनवाई में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





ग्रामीण छत्ता पुत्र हीरा जाटव निवासी ग्राम अमरोद सिंगराना तहसील नईसरायं अपनी समस्या के लगातार आवेदन देने के बाद भी निराकरण न होने पर दिए गए आवेदनों की माला पहनकर जनसुनवाई में पहुंचा। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जन सुनवाई में आने वाले आवेदनों को लेकर प्रशासन कितना गंभीर है कि एक के बाद एक आवेदन देने के बाद सुनवाई नहीं हो रही है जिसके कारण आए दिन जनसुनवाई में आने वाले लोगों को या तो पेट्रोल लेकर आना पड़ रहा है या फिर विवाद करते हुए देखा जा सकता है।


ऐसी ही जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्या की सुनवाई न होने पर ग्रामीण को अपने आवेदनों की माला पहनकर जनसुनवाई में जाना पड़ा। छत्ता जाटव ने अपने आवेदन में कहा है कि सर्वे नं. 136/2 रकवा 5 बीगा का 6 बार फीस भरकर सीमांकन करा चुका है लेकिन गिरदाबल सुरेन्द्र सिंह यादव द्वारा पडोसियों से पैसे लेकर मौके पर प्रार्थी को सिर्फ 3 बीगा भूमि ही देना बता रहा है। बोलने पर कहता है इतनी ही मिलेगी, लेना है तो ले नहीं तो यह भी नही मिलेगी अन्यथा दूसरे के नाम पर कर दूंगा। मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड सकता। 15 साल से मेरा कोई तवादला भी नही करवा सका 6 बार पटवारी एवं तहसीलदारों के तबादले हो चुके है। प्रार्थी द्वारा जब 181 पर शिकायत करने पर प्रार्थी पर पुलिस की धमकी देकर एवं दबाव बनाकर 181 की शिकायत कटवा दी जाती है। प्रार्थी की जमीन तहसील नईसराय ग्राम मालाखेडी है यहां के गिरदाबल सुरेन्द्र सिंह एवं पटवारी हिमानी को हमारे हल्का से तबादला किया जाए ताकि गरीबों के साथ न्याय हो सके।

जनसुनवाई में आवेदकों की संख्या कम हुई, 157 आवेदक ही पहुंचे

जिला मुख्यालय पर होने वाली जनसुनवाई का बड़ा कार्यक्रम होता है शहर से लेकर गांव तक के लोग बड़ी उम्मीदों के साथ अपने आवेदन लेकर पहुंचते हैं लेकिन जनसुनवाई में तात्कालिक नहीं होने से आवेदकों को निराशा का सामना करना पड़ रहा है। सिर्फ उन आवेदकों की सुनवाई हो पाती है जो शासन की योजना में आ रहे हैं या प्रशासन उनका निराकरण कर सकताहै, शेष आवेदकों को निराशा का सामना करना पड़ता है जिसके कारण जन सुनवाई में कम होती संख्या इसका उदाहरण है। मंगलवार को 157 आवेदक ही जनसुनवाई में पहुंचे। जनसुनवाई में ग्राम जलालपुर निवासी माधौसिंह द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाये जाने,अशोकनगर निवासी विनीता अहिरवार द्वारा पति की मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने,ग्राम सेमराहाट निवासी परमाल अहिरवार द्वारा आधार कार्ड बनवाये जाने,ग्राम गतासोनेरा निवासी सुसाव सिंह अहिरवार द्वारा लोन पर अधिक रेट लगाये जाने,अशोकनगर निवासी नारायण रजक द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने,मुंगावली निवासी मोहन सांसी द्वारा बिजली का बिल अधिक आने,अशोकनगर निवासी मनोज शर्मा द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने के आवेदन जनसुनवाई में आए।

जर्जर स्कूल भवन का विधायक इंजी. हरिबाबू ने किया निरीक्षण





अशोकनगर। मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम जुग्या में ग्रामवासियों ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन एवं विद्यार्थियों को हो रही समस्याओं से विधायक इंजी. हरिबाबू राय को अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में लगभग 97 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन भवन की स्थिति जर्जर होने के कारण बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत मिलने पर विधायक ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन की दीवारों एवं छत के कई स्थानों पर सरिया दिखाई दे रहे थे, वहीं विद्यार्थियों के बैठने के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध होने के बावजूद विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण बच्चों को बैठने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने मौके से ही संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर विद्यालय की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने, जर्जर भवन की आवश्यक मरम्मत कराने तथा विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

सीएलसी राउंड के लिए 29 अगस्त तक पंजीयन एवं च्वाइस फिलिंग

अशोकनगर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) ग्राम मोहरीराय अशोकनगर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। शासकीय आईटीआई अशोकनगर में 06 व्यवसायिक पाठ्यक्रम (ट्रेड) संचालित हैं। जिनमें वेल्डर 33 सीट, कोपा 16 सीट, इलेक्ट्रीशियन 5 सीट, फिटर 4 सीट, मैकेनिक डीजल 14 सीट, मैकेनिक मोटर व्हीकल 9 सीट एवं शासकीय आईटीआई मुंगावली में व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन 4 सीट रिक्त हैं जिनके लिए प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में चल रही हैं। वर्तमान में संस्था में सीएलसी राउण्ड प्रचलन में हैं।

आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 335 पाव किए जब्त

शराब का अवैध परिवहन करते हुए एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया सागर पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं शराब का अवैध परिवहन करने वाले अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्रवाई के तहत थाना बीना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक सागर अनुराग सुजानिया के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को प्रो-एक्टिव पुलिसिंग अपनाते हुए अपराधों की पूर्व रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी तथा अवैध शराब की तस्करी के अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बीना अजय सनकत के नेतृत्व में पुलिस द्वारा 335 पाव (60 बल्क लीटर) शराब की जब्त की है।

थाना प्रभारी ने बताया मुसाफिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक काले कलर की बाइक से दो व्यक्ति शराब लेकर शहर की ओर आ रहे हैं। जो मुखबिर सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए देहरी रोड रेल्वे अंडरब्रिज के पहले एक व्यक्ति दो बोरी रखे बैठा था। जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अनिल पिता मनीराम अहिरवार उम्र 26 साल निवासी जवाहर वार्ड बीना का होना बताया व उसके पास रखी बोरियो को चैक करने पर उसमें कुल 335 पाव शराब कीमती करीबन 29 हजार 500 रुपए रखे मिला। जिससे शराब रखने व परिवहन करने के संबंध में पूछताछ करने पर वैद्य दस्तावेज नही पाये गए। उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर शराब जब्त की गई एवं उसका साथी पुलिस को देखकर अपनी मोटरसाईकिल लेकर मौके से भाग गया जिसकी तलाश की गई जो नही मिला। आरोपियों के विरुध्द पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्द कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस ने आरोपी अनिल पिता मनीराम अहिरवार उम्र 26 साल निवासी जवाहर वार्ड बीना गिरफ्तार कर उसके पास से 335 पाव (60 बल्क लीटर) शराब कीमती करीबन 29 हजार 500 रुपए जप्त की है।

सराहनीय कार्य: उक्त कर्यवाही में निरीक्षक अनूप यादव, उप निरीक्षक निशांत भगत, प्रधान आरक्षक हेमंत तिवारी, विजय गौतम, आरक्षक बृजेन्द्र सिंह, प्रेमजीत, राहुल सोलंकी, दिनेश राय, युधिष्ठिर रजक, महेश नामदेव, भूपेंद्र सोलंकी , भानू तोमर, रामवीर शर्मा, महिला आरक्षक रीटा, रेवती, ममता की सराहनीय भूमिका रही।

पुण्यतिथि पर पार्क में लगी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

सहज, सरल एवं विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे पंडित राकेश सिरोठिया, व्यक्तित्व को किया स्मरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

सहज, सरल एवं विनम्रता की प्रतिमूर्ति, राजनीति में रहकर भी संत समान जीवन जीने वाले मध्यप्रदेश भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सहित अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करने वाले पंडित स्व. राकेश सिरोठिया की 21वीं पुण्यतिथि पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित स्व. राकेश सिरोठिया पार्क में उनकी प्रतिमा के समक्ष आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर के सैकड़ों राजनेताओं, समाजसेवियों एवं नागरिकों ने उपस्थित होकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने स्व. सिरोठिया के व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक द्वय धरमू राय एवं डॉ. विनोद पंथी, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुनील समैया, अनंत आचवल, धर्माधिकारी पं. दशरथ लाल पुरोहित सहित अन्य वक्ताओं ने अपने शब्दों के माध्यम से स्व. राकेश सिरोठिया के जीवन के विभिन्न प्रेरणादायी प्रसंगों एवं आदर्शों को स्मरण किया।

वक्ताओं ने कहा कि स्व. राकेश सिरोठिया ने सार्वजनिक जीवन में रहते हुए सहजता, सादगी, विनम्रता और सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया। राजनीति में सक्रिय रहते हुए भी उन्होंने अपने आचरण और व्यवहार से समाज के सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया। उनका संत समान जीवन, सरल व्यक्तित्व और जनसेवा के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन श्री राम शर्मा ने किया।

इस अवसर पर सिरोठिया परिवार की ओर से सुनील सिरोठिया, रविन्द्र सिरोठिया, सौरभ सिरोठिया एवं शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने उपस्थित जनों द्वारा व्यक्त की गई श्रद्धा, सद्भावना एवं आत्मीयता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजनेता, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं स्व. राकेश सिरोठिया के शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने स्व. सिरोठिया की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मिठाईयों एवं नमकीन के लिये नमूने, खाद्य पदार्थों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर


जिले में त्यौहारों के चलते खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा जिले में स्थित मिठाई की दुकानों से 25 से अधिक मिठाईयों एवं नमकीन जांच चलित खाद्य प्रयोगशाला के द्वारा कराई गई। संदेह के आधार पर विवेक टाकीज गली स्थित कमल स्वीट्स से मलाई बर्फी तथा सादा बर्फी एवं पछाडीखेडा रोड स्थित साधना स्वीट्स से बच्चों के द्वारा खाई जाने वाली मिल्कू मिठाई तथा गिरनार नमकीन का नमूना जांच हेतु लिया जाकर



राज्य शासन द्वारा अधिकृत प्रयोगशाला में भेजा गया। साधना स्वीट्स से बेस्ट बिफोर अवधि के पश्चात भी विक्रय हेतु दुकान में संग्रहित कर रखे हुये 15 नमकीन के पैकटों को मौके पर नष्ट करवाया गया तथा भविष्य में ऐसा होते पाये जाने पर पंजीयन निलंबित किये जाने का नोटिस दिया गया तथा दुकानदारो को निर्देशित किया गया कि वह दुकान में विक्रय किये जाने वाले खाद्य पदार्थों को कंपनी से या फिर ऐसे व्यक्तियों से खरीदे जिनके पास खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत जारी खाद्य पंजीयन अथवा लाइसेंस हो और बिल के बगैर खाद्य पदार्थों की खरीदी न करें ।

खेल की बात प्रधानमंत्री मोदी के साथ

राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रधानमंत्री करेंगे विद्यार्थियों से संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय महाविद्यालय सेहराई में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत, राष्ट्रीय सेवा योजना, मेरा युवा भारत द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर "खेलो इंडिया संवाद खेल की बात पीएम के साथ" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, फिटनेस तथा युवा नेतृत्व वाले राष्ट्र निर्माण के राष्ट्रीय विजन से जोड़ना है। विशेष बात यह है कि सहराई महाविद्यालय के विद्यार्थियों से करेंगे प्रधानमंत्री मोदी संवाद।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं युवा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम से जुड़ेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुनेंगे। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं खेल जगत से जुडी हस्तियां स्थानीय स्तर पर युवाओं के साथ संवाद एवं विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।कार्यकम प्रभारी डॉ अंजू सिहारे, प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता तथा माय भारत से श्रेया कदेला ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें देश की खेल यात्रा, फिटनेस और युवा नेतृत्व वाले विकास से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में स्थानीय खिलाड़ियों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी रहेगी तथा युवाओं को अपने विचार, सुझाव और आकांक्षाएं साझा करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को पोर्टल पर पंजीकरण के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा तथा माई भारत सजेशन के माध्यम से अपने सुझाव डिजिटल रूप से प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2027 के संबंध में भी युवाओं को जानकारी दी जाएगी। अधिकारियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन, युवाओं की सहभागिता तथा खेल एवं युवा विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी साझा की।

'जीवन का अर्थ समझे बिना निरर्थक है मनुष्य जन्म'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए जीवन के वास्तविक अर्थ और अध्यात्म पर गहरा प्रकाश डाला। उन्होंने साइंस ऑफ लिविंग (जीने की कला) के संदर्भ में जीवन की व्याख्या करते हुए कहा कि अर्थ को जानने से पहले जीवन के वास्तविक अर्थ को समझना सबसे ज्यादा जरूरी है।

मन की स्थिरता ही सच्चा जीवनमुनि श्री ने जीवन शब्द का अनूठा विश्लेषण करते हुए कहा कि जी$वन = जीवन होता है। यहाँ जी का सीधा अर्थ हमारे मन से है। उन्होंने बुंदेलखंड के लोक व्यवहार का उदाहरण देते हुए कहा कि अक्सर लोग कहते हैं, हमारो जी मचल रओ है, जिसका अर्थ होता है कि उनका मन स्थिर नहीं है। आचार्यो के अनुसार, जिसका मन इस संसार रूपी वन में नहीं लग रहा है, उसी का जीवन वास्तव में सार्थक है। भटकाव से मुक्ति का मार्ग उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि हम जीवन के इस गहरे अर्थ को नहीं समझेंगे, तो हमारा यह अनमोल मनुष्य जन्म पूरी तरह से निरर्थक हो जाएगा। आज संसार रूपी वन में चारों तरफ केवल भटकाव ही भटकाव है। सांसारिक गतियों में उलझा इंसान केवल आत्म तत्व को भूलकर भटक रहा है।

न्यायालय परिसर में न्यायाधीशों ने पौधारोपण किया

पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरुकता के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना





पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उल्लास एक अभिनव प्रयोग अभियान के अंतर्गत न्यायालय परिसर में वृहद पौधरोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर का भव्य आयोजन किया गया।

आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर महेश कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन तथा अध्यक्ष न्यायाधीश तहसील विधिक सेवा समिति बीना संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में किया गया। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा के सहयोग से ट्रीगार्ड एवं वन विभाग द्वारा फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे उपलब्ध कराए गए, जिससे पौधों को सुरक्षित रखा जा सके।

वृक्षारोपण शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार कुंडू, जेएमएफसी मीनाक्षी शर्मा जोशी, जेएमएफसी शरद जोशी, जेएमएफसी मृदुल जैन एवं अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनी, सचिव सुरेश यादव, पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र जैन सहित अन्य अधिवक्तागण ने उपस्थित होकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर न्यायालय परिसर व आसपास के क्षेत्रों में फलदार, छायादार तथा औषधीय किस्मों के विभिन्न पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और कर्मचारियों ने इन पौधों को केवल लगाने तक सीमित न रखकर, उनकी देखभाल हेतु ट्रीगार्ड लगाकर उनके पूर्ण संरक्षण एवं देखभाल का भी संकल्प लिया। इसके साथ ही आमजन को कानूनी अधिकारों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। वृहद वृक्षारोपण शिविर हेतु समस्त न्यायालय के कर्मचारीगण, शहर के विभिन्न बैंकों के मैनेजर एवं विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं समस्त अधिवक्तागण द्वारा भी न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया एवं पूर्ण संरक्षण का संकल्प लिया गया।